हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 4 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

08 गांधी-शास्त्री जयंती पर आत्मानंद स्कूल... में



09 क्वार नवरात्रि को लेकर हिरमी अंचल में तैयारियां तेज



आयोजन : 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

खेल भावना और अनुशासन से खेलें खिलाड़ी : राजस्व मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल मैदान मे 3 से 6 अक्टूबर तक चार दिवसीय 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने ध्वजोत्तोलन एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रतियोगिता उद्घाटन की घोषणा की। स्पर्धा मे रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर एवं सरगुजा पांचो संभागों के 480 खिलाडी कुराश, रग्बी एवं नेटबाल मे दमखम दिखाएंगे।कुराश मे आयु वर्ग 14, 17, 19 बालक एवं बालिका, रग्बी आयु वर्ग 14 बालक एवं बालिका व नेटबॉल आयु वर्ग 19 बालक एवं बालिका की प्रतियोगिता संपन्न होगी। प्रतियोगिता में राज्य के पांच संभागों से 240 बालक, 240 बालिका एवं 100 आफिशियल कुल 580 प्रतिभागी शामिल होंगे।खेल का आयोजन कुराश के लिए नगर भवन बलौदाबाजार, नेटबॉल के लिए जिला स्टेडियम (लॉन टेनिस मैदान) बलौदाबाजार, रग्बी के लिए पंडित चक्रपाणि शुक्ल सेजेस हिन्दी माध्यम बलौदाबाजार में रखा गया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथिय राजस्व मंत्री ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का बलौदाबाजार की धरती पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल मे जीत-हार खेल के दो पहलू है। जीतने वाला खिलाडी आगे खेल के लिये बढ़ जाता है वहीं हारने वाले के लिए कमियों को दूर करने का अवसर देता है। सभी खिलाडी खेल एवं टीम भावना से खेले। अब खेल का नजरिया बदल गया है, खेल से जीतते हैं या सीखते हैं।





प्रतिभागी खिलाड़ियों ने परम्पराओं को अक्षुण्ण रखने की ली शपथ

कुराश के राष्ट्रीय खिलाडी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को सभी खेल स्पर्धाओं में खेल नियमों का पूर्ण पालन करते हुए सच्चे अनुशासन, निष्ठा और खेल भावना के साथ भाग लेने, अपने खेल के गौरव, राज्य के सम्मान तथा खेल भावना की उच्च परम्पराओं को अक्षुण्ण रखने शपथ दिलायी। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे प्रतिभागी एवं खेल प्रेमी उपस्थित थे।

खेल प्रवृत्ति को बढ़ावा देना आवश्यक: सांसद बृजमोहन

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि जिस दिन बच्चा तय कर ले कि कुछ करना है तो बहुत कुछ कर सकता है। बच्चों को खेल के मैदान मे उतारने के लिये यह खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है।आजकल बच्चों मे खेल की प्रवृत्ति कम होते जा रही है, जिसे रोकना है। हमारी सरकार खेल को आवेदन बढ़ाने के लिये अनेक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि गांव- गांव में खेल मैदान के समतलीकरण व्हीबी -जी राम जी योजना के तहत के तहत कराया जाए। कार्यक्रम को राजयसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

वरिष्ठजन सच्चे मार्गदर्शक, उनका सम्मान ही हमारा वास्तविक गौरव

बलौदाबाजार। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर भवन बलौदाबाजार मे वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा सहित जनप्रतिनिधियों के द्वारा 180 वरिष्ठ नागरिकों को शाल श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि वरिष्ठजन समाज के सच्चे मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन-अनुभव आने वाली पीढ़ियों के लिए सही दिशा तय करने का काम करता है। बुजुर्गों का आदर-सत्कार करना हमारी संस्कृति का मूल आधार है और उनका सम्मान करना ही हमारा वास्तविक गौरव है। इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए जिसमें वरिष्ठजनों का सम्मान हो। राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि वरिष्ठजनों ले अनुभव से हमें बहुत सीखने को मिलता है,आज के युवा पीढ़ी को वरिष्ठो का सम्मान करना चाहिए। वृद्धजन परिवार रूपी वृक्ष के जड़ है जिनकी मजबूती से परिवार फलता - फूलता है। वृद्धजन हमेशा बच्चों के भले की बात करते हैं,परिवार को एक साथ रखने मे ताकत लगा देते है। आज संयुक्त परिवार एकल परिवार मे बिखरता जा रहा है जिसे संजो कर रखने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने भी सम्बोधित किया।

- अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नगरिकों का किया गया साम्मान



खेलों में झलकी बचपन की उमंग

समारोह के दौरान वरिष्ठ नागरिकों के लिए मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैरम और शतरंज के खेल में अपने हाथ आजमाते हुए वरिष्ठ नागरिकों में गजब का उत्साह और बचपन की उमंग देखने को मिली। इस दौरान निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया।इसके साथ है 80 वर्ष से अधिक उम्र के नगरीको का निःशुल्क बस पास भी बनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहु, जनपद उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे वृद्धजन उपस्थित थे।

आत्मानंद स्कूल सिमगा में ओपन परीक्षा में फर्जीवाड़े की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विगत दिनों स्वामी आत्मानंद स्कूल सिमगा में ओपन परीक्षा आयोजित की गई थी । जिसमें परीक्षार्थियों एवं पालकों द्वारा शिकायत की गई थी कि ओपन परीक्षा में शामिल परीक्षार्थियों से निर्धारित राशि से अधिक रकम वसूल किया गया है जिसका उन्हें रसीद भी नहीं दिया गया। आयोजित इस परीक्षा में बलौदाबाजार - भाटापारा जिला के अलावा अन्य जिलों से परिक्षार्थी शामिल हुए जबकि ओपन स्कूल की परीक्षा हर जिले के प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित होती है। जो स्वाभाविक रूप से संदेह को जन्म देता है। यहां यह बताना जरूरी है कि परीक्षा संचालन के लिए केंद्राध्यक्ष परमानन्द ठाकुर एवं सहायक केंद्रा अध्यक्ष व परीक्षा प्रभारी विजय कुमार कौशल द्वारा विगत अनेको वर्षों से किया जा रहा है। जो संदेह पैदा करता है।

लेकिन वहां आधी- अधूरी जानकारी देकर टाल दिया गया और उसके दूसरे दिन पत्रकारों के विरुद्ध गालिया देने मारपीट कर जान से मारने की धमकी तथा 5 लाख रुपए मांगने का आरोप लगाकर अनेक अधिकारियों के पास शिकायत की है।

- सीसीटीवी फुटेज गायब होने और फर्जी शिकायत के आरोपों से गहराया विवाद

बरसों से जमे केंद्राध्यक्ष पर उठे सवाल

उक्त मामले को लेकर पत्रकारों ने सहायक केन्द्रा अध्यक्ष विजय कुमार कौशल से चर्चा की तो उन्होंने सकारात्मक जवाब न देते हुए टाल मटोल करने लगा। ओपन स्कूल द्वारा संचालित परीक्षा में कितनी पारदर्शिता हुई है यूं ही अनुमान लगाया जा सकता है कि परीक्षा केंद्र व रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे से परीक्षा दिनांक के फूटेज गायब पाए गए है। उक्त मामले को लेकर पत्रकारों ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, विधायक इन्द्र साव सहित बलौदा बाजार जिला कलेक्टर अभिषेक शर्मा एसपी गौरव राय जिला शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले से शिकायत कर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। जिस पर मंत्री एवं राज्य सभा सांसद के निर्देश पर कलेक्टर ने उच्च स्तरीय जांच समिति गठित की है। यहां यह बताना आवश्यक है कि ओपन परीक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त करने वाले पत्रकारों को सहायक केंद्राध्यक्ष द्वारा जानकारी देने से हिलहवाला करते हुए अचानक परीक्षा दिवस परीक्षा केन्द्र में जानकारी देने के लिए फोन करके बुलाया गया था।

मंत्री, सांसद व कलेक्टर से की जांच की मांग

जिसके प्रति उत्तर में पत्रकारों ने अपनी संपूर्ण जानकारी मंत्री सांसद, विधायक, कलेक्टर एसपी, जिला शिक्षा अधिकारी से जांच समिति गठित कर निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्यवाही की मांग की है। उपरोक्त संदर्भ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने दो बार ओपन परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया था तब दोनों सहायक पर्यवेक्षक परीक्षा केंद्र में अनुपस्थित पाए गए थे जिसका उपस्थित पंजी में दर्ज है। परीक्षा केंद्र प्रभारी द्वारा पुलिस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। पत्रकारों के द्वारा सी सी टी वी फुटेज उपलब्ध कराये जाने की मांग पर शाला के प्राचार्य द्वारा उपरोक्त दिवस की जानकारी सीसी टीवी फुटेज उपलब्ध नहीं होने की लिखित जानकारी है।



खबर संक्षेप



30 पाव शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

कसडोल। अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ कसडोल पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक शराब कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 4,200 कीमत की 30 पाव देशी/अंग्रेजी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक CG04 HS 3221 जब्त की है। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 3 अक्टूबर 2026 को थाना कसडोल पुलिस टीम ने कोट रोड कसडोल के पास घेराबंदी की। इसी दौरान अवैध रूप से बिक्री के लिए शराब ले जाते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान बसंत पाटले (32 वर्ष), निवासी ग्राम देवरीखुर्द, थाना कसडोल के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पाव देशी/अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी कुल कीमत 4,200 बताई गई है। इसके साथ ही शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

शराब पीने वाले 7 पर मामला दर्ज

बलौदाबाजार। होटल, ढाबा, ठेला एवं चखना सेंटर में अवैध रूप से शराब पिलाने तथा सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 2 अक्टूबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में आकस्मिक चेकिंग एवं छापामार कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल सात आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना भाटापारा ग्रामीण, भाटापारा शहर, कसडोल, सिमगा एवं पलारी की टीमों ने होटल, ढाबा, ठेला और चखना सेंटरों की जांच की। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे स्थित प्रतिष्ठानों में शराब पीने-बैठने की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने के मामले सामने आए। पुलिस ने बताया कि अवैध गतिविधियों, शराब बिक्री, जुआ-सट्टा तथा सार्वजनिक शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

निधन

विनोद कुमार साहू

खरोरा। ग्राम मुड़पार निवासी



विनोद कुमार साहू (24) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। विनोद कुमार साहू साहू समाज के सक्रिय युवा संगठन के सदस्य होने के साथ ही सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय रहते थे।

अभियान : सामूहिक सहभागिता से स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

गांधी जयंती पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज द्वारा स्वच्छता अभियान चलाकर गांधी जी को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। इस अवसर पर यादव धर्मशाला शिवरीनारायण में समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने स्वयं झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम महात्मा गांधी के स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े विचारों एवं मार्गदर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। यादव धर्मशाला शिवरीनारायण जो सारंगढ़-बिलाईगढ़, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा एवं सक्ती क्षेत्रों के मध्य स्थित है, समाज के लोगों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता अभियान में भाग लिया। युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद राम यादव के अगुवाई में यह अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान में प्रमुख रूप लोगो को संदेश देकर जागरूक बनने का हौसला अफजाई की, इस स्वच्छता कार्यक्रम प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ झेरिया समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी व बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के अध्यक्ष धनेश यादव, बलौदा परिक्षेत्र अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व सचिव संतोष यादव बिलाईगढ़, संगठन मंत्री महेतरू यादव, मनोज यादव जिला मीडिया प्रभारी, संतोष यादव तहसील सचिव, संरक्षक तहसील हरप्रसाद यादव, राम कुमार समाज सेवक, पुनी राम यादव, लक्ष्मी बाई यादव, गुरबारी यादव, शुक्रवारा बाई यादव, रामकृपाल यादव, मनोज यादव, जयंत यादव, तिलक यादव, सूरज यादव सहित समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस दौरान उपस्थित समाजजनों ने स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा महात्मा गांधी के विचारों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से समाज ने स्वच्छता, एकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया।



विशेष ग्राम सभा में विभिन्न विषयों पर चर्चा

अर्जुनी। बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी के गांधी चौक में 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी के जयंती व स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। आयोजन का शुभारंभ महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यार्पण कर किया। सभा में ग्रामीणों की उपस्थिति रही एवं शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। सचिव राजेश साहू द्वारा विशेष ग्राम सभा के विषयों पर ग्रामीणों को वाचन कर बताया व चर्चा की गई। जिसमें स्वच्छता, पेयजल, आवास, जन्म मृत्यू विवाह पंजीयन, बाल विवाह मुक्त एवं बाल विवाह रोकथाम, अविवादित व नामांतरण बटवारा, टीवी मुक्त पंचायत, जल संरक्षण जल संवर्धन, मोर गांव मोर पानी अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को सो खता गड्ढा बनाने की ओर प्रेरित किया तथा वृक्षारोपण करने पर भी जोर दिया गया ।वीबी जी रामजी के अंतर्गत होने वाले कार्यों को भी विस्तार से बताया और ग्राम से संबंधित समस्याओं व तालाब गहरीकरण पर भी विचार विमर्श एवं चर्चा हुई। इस अवसर में सरपंच कविता ध्रुव, सचिव राजेश साहू, सरपंच प्रतिनिधि सुखराम ध्रुव, चित्ररेखा साहू, विनोद सोनी, राधेश्याम साहू, ओम प्रकाश साहू ,परनिया साहू, मालती साहू, चंदरौतीन साहू, सुधु साहू, संतोष वर्मा, विजय साहू, सरजू यदु, लखन यदु, गंगा प्रसाद यदु सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं व ग्रामीण जन उपस्थित थे।



रजिस्ट्री के बाद अब नामांतरण के लिए प्रमाणीकरण की जरूरत नहीं

करहीबाजार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ग्राम पंचायत करही बाजार में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा के प्रारंभ से पूर्व ग्राम पंचायत परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर महात्मा गांधी के स्वच्छता एवं सेवा के आदर्शों को आत्मसात करते हुए ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा पंचायत परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जनप्रतिनिधियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए लोगों से अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की अपील की। वहीं, चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों सकून बंजारे द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारी दी गई। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता बनाए रखने तथा स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात कही। साथ ही सभा मे राजस्व विभाग से पटवारी यस साहू ने भूमि सम्बन्धित जानकारी सझा करते हुये बताये की लग भग 90%की सभी प्रकिया अब ऑनलाइन हो चुकी है और यह भी जानकारी दी की रजिस्ट्रीय के बाद अब प्रमाणीकरण की आवश्यकता नहीं है सीधे नाम दर्ज हो जायेगा और वही पंचायत मे क्यूआर कोड़ का विमोचन हुवा जिससे ग्रामीण रोजगार सम्बन्धित जानकरी जान सकते है । विशेष ग्राम सभा के दौरान ग्रामीण विकास, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच कमला अरुण निषाद, उपसरपंच अशोक पटेल सचिव सुन्दरपाल, रोजगार सहायक सौभना ध्रुव, और पंचायत जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में दिया योगदान

बलौदाबाजार। गांधी जयंती के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय लवन के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान में सहभागिता कर स्वच्छता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। प्राचार्य वाय आर महिलाने के मार्गदर्शन में महात्मा गांधी के स्वच्छता, श्रम और सेवा के विचारों से प्रेरित इस पहल का उद्देश्य स्वच्छ परिवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। अभियान के माध्यम से स्वच्छता को दैनिक जीवन की आदत बनाने तथा सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने में सामूहिक सहभागिता के महत्व को रेखांकित किया गया। कचरे का उचित निपटान और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार गांधीजी के विचारों को जीवन में अपनाने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना के 'मैं नहीं, आप' आदर्श वाक्य के अनुरूप स्वयंसेवकों की सहभागिता ने सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित किया। गांधी जयंती से जुड़ी इस पहल ने स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका का संदेश दिया।



हमर सुंदर गांव फाउंडेशन ने चलाया स्वच्छता अभियान



भाटापारा। ग्राम दावनबोड़ मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर हमर सुंदर गांव फाउंडेशन, ग्राम दावनबोड़ द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य गांव में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को स्वच्छ एवं सुंदर गांव बनाने के लिए प्रेरित करना रहा। अभियान के दौरान गांव के सार्वजनिक स्थानों, रास्तों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई। साथ ही ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने तथा अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया गया। फाउंडेशन के सदस्यों ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ और बेहतर समाज की महत्वपूर्ण आधारशिला माना था। उनके स्वच्छता के संदेश को आगे बढ़ाते हुए "स्वच्छ गांव, सुंदर गांव" के संकल्प के साथ ऐसे अभियान निरंतर जारी रखने का प्रयास किया जाएगा। इए कार्यक्रम में, लखन वर्मा,रामकुमार वर्मा, अमृत लाल ध्रुव, नोहर सिंह ध्रुव, सूरेश कुमार वर्मा, गोविंद वर्मा, गंगू वर्मा, मनीष वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, धनजय वर्मा , रामस्वरूप वर्मा,मनोहर साहू, मुरारी साहू, प्रवीण वर्मा, नीलकंठ वर्मा, नवीन वर्मा, नितेश वर्मा, जीवन वर्मा,डुपेश वर्मा, मालिक राम वर्मा, योगेश कैवर्त, मोहम्मद बसीर खान, धनेश्वर निषाद, अजय वर्मा, तिलक वर्मा, देवनारायण वर्मा, रमेश वर्मा, सुखनंदन वर्मा, टिकेश्वर वर्मा, रमेश वर्मा, सोनू वर्मा, पंकज वर्मा, मनोज वर्मा,राजेन्द्र वर्मा, अनिल वर्मा, भुवनेश्वर साहू, मनोज साहू, कल्याण वर्मा, रामनरायण वर्मा, सोनू सेन, छबि चक्रधारी, माखन वर्मा, दिलेश वर्मा, आदि उपस्थित थे।

गांधी-शास्त्री जयंती पर आत्मानंद स्कूल में चला स्वच्छता अभियान



करहीबाजार। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर ग्राम करहीबाजार स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में, छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर धूप दीप प्रज्वलित कर उनकी स्मरण की तथा विविध स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित एवं संरक्षित रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर देवदास, ग्राम की मुखिया कमला अरुण निषाद, शोभना ध्रुव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यगण, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए गांधी जी के स्वच्छता के संदेश और शास्त्री जी के सादगी एवं

बच्चे बापू के सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें

हिरमी रावन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिरमी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने बापू को श्रद्धापूर्वक याद किया। विद्यालय परिसर में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया तथा पूजा-अर्चना के पश्चात श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य पीआर वर्मा ने विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के जीवन एवं उनके संघर्षों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य, अहिंसा और त्याग के मार्ग पर चलते हुए देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके संघर्षों और योगदान के कारण आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों से कहा कि महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सद्भावना के मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि बापू के आदर्शों पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में शिक्षकगण अजय निर्मलकर, श्यामसुंदर, हरिश, पंकज, नीरज, राजकपूर, मेघा, सीमा वर्मा, रमा मढरिया, शैल वर्मा, टाकेश्वरी, गिरजा, राधिका सहित विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने महात्मा गांधी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।



गुडेलिया ग्राम सभा में 48 ग्रामीणों को मिले भू-स्वामी अधिकार

बलौदाबाजार। सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर ग्राम जिले के सभी ग्रामो मे विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत गुडेलिया विशेष ग्राम सभा में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। विशेष ग्राम सभा में 48 ग्रामीणों को भू-स्वामी अधिकार अभिलेख वितरित किए गए। भू-स्वामी अधिकार अभिलेख मिलने से हितग्राहियों में खुशी का माहौल रहा।



लंबे समय से भूमि संबंधी अधिकार अभिलेख मिलने की प्रतीक्षा कर रहे ग्रामीणों ने इसे अपने लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच संकेत अग्रवाल ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाना है।

हितग्राहियों ने जताया आभार

भू-स्वामी अधिकार अभिलेख प्राप्त करने वाले गुडेलिया निवासी रतन निर्मलकर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "आज हमें भू-स्वामी अधिकार अभिलेख मिला है, जिससे हमारी जमीन पर हमारा अधिकार और अधिक स्पष्ट हुआ है। यह हमारे परिवार के लिए बहुत खुशी की बात है। शासन द्वारा ग्रामीणों के हित में किए जा रहे इस कार्य के लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का हृदय से धन्यवाद करता हूं।

ड्राई डे में भी शराब बिक्री, पुलिस ने तीन ठिकानों पर मारा छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



गांधी जयंती के अवसर पर घोषित ड्राई डे के बावजूद अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ तिल्दा-नेवरा पुलिस ने अभियान चलाकर तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने तीन आरोपियों के कब्जे से कुल 70 पौवा देशी मदिरा तथा बिक्री की 1,500 नकदी जब्त की है। तीनों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख) के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में की गई। तिल्दा-नेवरा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार अभियान चला रही है। हाल के महीनों में भी तिल्दा-नेवरा पुलिस द्वारा अवैध शराब के मामलों में कार्रवाई की जानकारी सामने आई है।

तीन स्थानों पर कार्रवाई पहली कार्रवाई वार्ड क्रमांक 06, तिल्दा-नेवरा में सूरज सेन पिता रामकुमार सेन, उम्र 35 वर्ष, के ठिकाने पर की गई। पुलिस ने उसके कब्जे से 20 पौवा देशी मदिरा मसाला और बिक्री की 400 नकदी जब्त की। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 2,400 बताई गई।

दूसरी कार्रवाई ग्राम छछानपहरी में पुनऊ राम बंजारे पिता रामा बंजारे, उम्र 50 वर्ष, के यहां की गई। पुलिस ने उसके पास से 25 पौवा देशी मदिरा मसाला और 500 नकद बरामद किया। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3,000 बताई गई। तीसरी कार्रवाई वार्ड क्रमांक 07, नेवरा में रूपा निषाद के यहां की गई। पुलिस के मुताबिक उसके कब्जे से 25 पौवा देशी मदिरा मसाला और 600 बिक्री रकम जब्त की गई। यहां जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 3,100 बताई गई।

गला दबाकर पत्नी की हत्या पति को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

थाना सुहेला क्षेत्र के ग्राम भटभेरा निवासी आरोपी तेजराम निषाद को अपनी पत्नी के चरित्र शंका के कारण गला दबाकर मृत्युकारित करने के आरोप सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल ने आजीवन कारावास से दंडित किया है।

अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने बताया कि आरोपी ने 15 फरवरी 2025 को रात्रि में अपने निवास ग्राम भटभेरा में अपनी पत्नी कल्याणी निषाद के साथ मारपीट कर उसका गला दबाकर मृत्युकारित कर हत्या कर दिया था। जब थाना सुहेला में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा के मेडिकल स्टॉफ द्वारा सूचना दिया कि कल्याणी निषाद को 108 एंबुलेंस से मृत हालत में लाया गया है तब थाना सुहेला द्वारा मर्ग कायम कर जांच में मृतिका को चोट का निशान पाया गया तथा पोस्टमार्टम में मृतिका की मृत्यु गला घोटने से श्वास अवरोध होने के कारण पाया गया। उसके गले में गला दबाने का स्पष्ट निशान पाया गया तथा रात्रि में मृतिका के साथ रहने वाला प्रमुख एवं विशिष्ट व्यक्ति आरोपी ही था। आगे जांच विवेचना में मृतिका को उसके पति तेजराम निषाद द्वारा चरित्र शंका कर रात्रि में मारपीट कर गला दबाकर हत्या करना पाए जाने से अपराध पंजीबद्ध कर गवाहों के कथन उनके बताए अनुसार लेखबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जप्ती सहित अन्य विवेचना पूर्ण कर विवेचक नरेश दीवान द्वारा अभियोग पत्र न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के समक्ष अभियोजन साक्षियों के बयान पूर्ण होने पर अपर लोक अभियोजक कैलाश यादव ने आरोपी को इस आपराध के लिए कठोर दंड से दंडित किये जाने का निवेदन किया। अपर सत्र न्यायालय भाटापारा के अतिरिक्त न्यायाधीश अशोक कुमार लाल द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करने पर आरोपी द्वारा किया गया अपराध सिद्ध होना पाया ।

8 दिवंगत मुखियाओं की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा, समाज ने दिया संबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल



ग्राम पंचायत खर्वे में असमय काल-कवलित हुए 8 परिवारों के मुखियाओं की स्मृति में 1 अक्टूबर को भावपूर्ण सामाजिक श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। शोक की इस घड़ी में पूरा गांव एकजुट नजर आया।

साहू समाज एवं सर्व समाज के लोगों ने दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम का आयोजन तहसील साहू संघ कसडोल के अध्यक्ष राजू हरिकांत साहू एवं परिक्षेत्र साहू संघ सेमरिया के अध्यक्ष घनश्याम साहू के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी, ग्रामीण एवं पीड़ित परिवारों के सदस्य शामिल हुए। माहौल पूरी तरह भावुक रहा। अपनों को खोने का दर्द कई आंखों में छलकता दिखाई दिया, वहीं समाज के लोगों ने पीड़ित परिवारों का हाथ थामकर उन्हें इस कठिन समय में अकेला नहीं होने का भरोसा दिलाया।

पीड़ित परिवारों को श्रीफल व शॉल भेंट श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान साहू समाज एवं सर्व समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। प्रत्येक परिवार के सदस्यों को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि अपनों को खोने की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है, लेकिन संकट की इस घड़ी में समाज उनके साथ खड़ा है और आवश्यकता पड़ने पर हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

- सामाजिक पदाधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में जिला साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू, तहसील साहू संघ कसडोल अध्यक्ष राजू साहू, परिक्षेत्र साहू संघ सेमरिया अध्यक्ष घनश्याम साहू, तहसील संघ उपाध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष निर्मला साहू, संरक्षक गरीब दास साहू, न्याय प्रकोष्ठ जिला के मनोनीत अध्यक्ष सुरेन्द्र साहू, महिला अध्यक्ष शकुंतला साहू, संगठन सचिव घसिया राम साहू, उपाध्यक्ष सम्मेलाल साहू, उपाध्यक्ष सुशीला साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष गुनी राम साहू तथा ग्राम खर्वे के ग्राम अध्यक्ष दीनानाथ साहू सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



नशा मुक्त भारत के लिए विधिक साक्षरता शिविर

खरोरा। गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर नालसा की डॉन योजना-2025 (ड्रग्स अवेयरनेस एंड वेलनेस नेविगेशन) के तहत नशा मुक्ति एवं विधिक जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के पैरालीगल वालिंटियर शंकर लाल साहू ने 25 सितंबर से 2 अक्टूबर तक नवागांव खरोरा, भड़हा, बेल्दार सिवनी, बेल्टुकरी और बुड़ेनी में घर-घर संपर्क एवं विधिक साक्षरता शिविरों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अभियान में युवाओं, आम नागरिकों, स्व-सहायता समूह की महिला सदस्यों तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। नशा पीड़ितों और उनके परिवारों को निशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सामाजिक-आर्थिक पुनर्स्थापन की जानकारी भी दी गई। शिविर में नालसा की विभिन्न योजनाओं के साथ साइबर अपराध से बचाव और महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।

सर्व कबीर पंथी समाज की कार्यकारिणी का गठन

खरोरा। सर्व कबीर पंथ समाज की आवश्यक बैठक विगत दिनों शीतला मंदिर प्रांगण, खरोरा में आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के कबीर पंथी समाज के सदस्यों ने सहभागिता की। इस दौरान सर्वसम्मति से तहसील स्तरीय सर्व कबीर पंथी समाज का गठन किया गया तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में अनिल सोनी, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत खरोरा को संरक्षक तथा गोपाल दास पडवार, सेवानिवृत्त पटवारी, केशला (खरोरा) को अध्यक्ष बनाया गया। नई कार्यकारिणी में जनकराम साहू, केशला एवं किरण सोनी, खरोरा को उपाध्यक्ष, योगेश्वरी साहू, केशला को सचिव तथा दुरपति मानिकपुरी, खरोरा को कोषाध्यक्ष बनाया गया।

असम में प्रचार के बाद भाटापारा लौटे सुशील



भाटापारा। अखिल भारतीय काँग्रेस पार्टी के महासचिव एवं असम प्रदेश के प्रभारी भूपेश बघेल द्वारा प्रखर वक्ता सुशील शर्मा को केंद्रीय ऑब्जर्वर के रूप में नियुक्त किया गया था। अपनी नियुक्ति के तत्काल पश्चात सुशील शर्मा लगातार 13 दिनों तक काँग्रेस प्रत्याशी के पक्ष मे प्रचार किया। पूर्व कृषि उपज मंडी अध्यक्ष एवं प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुशील शर्मा असम से आज गृह नगर भाटापारा वापस पहुंच गये है।

केशरवानी नगर सभा के अध्यक्ष बने अशोक



तिल्दा-नेवरा। केशरवानी नगर सभा तिल्दा के अध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव में अशोक केशरवानी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्धारित समय तक अध्यक्ष पद के लिए अशोक केशरवानी के अलावा किसी अन्य सदस्य ने नामांकन दाखिल नहीं किया। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। चुनाव प्रक्रिया केशरवानी महासभा के घनश्याम केशरवानी एवं रोहित केशरवानी की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। चुनाव से पहले आयोजित बैठक में चुनाव अधिकारियों ने निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी और सदस्यों को नामांकन दाखिल करने के लिए आमंत्रित किया। सबसे पहले अशोक केशरवानी ने अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन प्रस्तुत किया। निर्धारित समय सीमा तक दूसरा नामांकन नहीं आने पर उन्हें निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया।

सेवा संकल्प अभियान : कार्यक्रम में गूंजी सेवा और संवेदना की बात, बच्चों का कराया अन्नप्राशन

आंगनबाड़ी केंद्र समाज के विकास की मजबूत नींव : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग कसडोल द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 01 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 'आँगन मिलन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने मातृशक्ति, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नन्हे-मुन्ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया तथा लाभार्थियों को विभिन्न किट वितरित की गईं। कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और समुचित विकास को लेकर जागरूकता पर विशेष जोर दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी। इस अवसर अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ सुदीप मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष एवं नपं उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस एवं जनप्रतिनिधि के रूप में उनके 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन को स्मरण करते हुए 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य और पोषण के प्रति किया गया जागरूक

कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। विभागीय अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी। गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के लिए पौष्टिक आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और समय पर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया। अतिथियों ने बच्चों के साथ आत्मीय समय बिताया और मातृशक्ति एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से महिला एवं बाल विकास से जुड़े विषयों पर संवाद किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र समाज के महत्वपूर्ण आधार हैं, जहां बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक विकास की मजबूत नींव तैयार होती है। ऐसे आयोजनों से शासन की योजनाओं की जानकारी जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाने के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उक्त कार्यक्रम में डॉ. सुदीप मानिकपुरी मंडल अध्यक्ष भाजपा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष, नागेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत कसडोल, पुनेश्वर नाथ मिश्रा पार्षद, भानुप्रताप साहू पार्षद, भगवती साहू पार्षद, मंजुलता बंजारे पार्षद सहित मितानिन दीदी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, मातृशक्ति तथा बड़ी संख्या में नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से सेवा, संवेदना और संस्कार के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने तथा महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण को प्राथमिकता देने का संदेश दिया गया।

टोनाटार में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व मितानिनों का सम्मान

अर्जुनी। भाटापारा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत टोनाटार के आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय पोषण माह के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों के सम्मान और परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से कुपोषण को दूर करने के साथ बच्चों एवं माताओं के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच प्रतिनिधि विष्णु कोसले जनपद सदस्य कांति बाई कुंजाम भाजपा मोर्चा सदस्य एवं पूर्व जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, उपसरपंच कुलेश्वर वर्मा, पंचायत सचिव थानूराम यदु सहित पंच राहुल घृतलहरे, कोमलकांत यादव, मंजू दिवाकर, डीआरपी संतोषी धीवर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी वीणा साहू, सुखमती रुजक, मोगरा बाई वैष्णव, सुशीला वर्मा, तोमेश्वरी ध्रुव एवं भगवंतीन सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अभिवादन चार्ट के माध्यम से बच्चों एवं पालकों के स्वागत से हुई। इसके बाद बच्चों एवं पालकों के साथ सहभोज एवं सामूहिक गतिविधियां आयोजित की गईं। बच्चों को सुपोषित लड्डू का वितरण किया गया। साथ ही बालक-बालिका प्रतियोगिता एवं विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन कर बच्चों और पालकों को उत्साहपूर्वक शामिल किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, महतारी वंदन योजना एवं सुपोषित बचपन अभियान की जानकारी दी गई।

नगर पालिका में 'दान उत्सव' का शुभारंभ



भाटापारा। नगर पालिका परिषद में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' पहल के तहत 1 से 9 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दान उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने दान उत्सव रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला एक जनअभियान है। 'सेवा मेरा योगदान' की भावना हमें यह सिखाती है कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी केवल अपने तक सीमित नहीं है। हमारी छोटी-सी पहल भी किसी जरूरतमंद परिवार के लिए बड़ी राहत और किसी व्यक्ति के जीवन में उम्मीद बन सकती है। उन्होंने कहा कि दान उत्सव का वास्तविक उद्देश्य समाज में देने की संस्कृति और सहयोग की भावना को मजबूत करना है। जब नागरिक अपनी क्षमता के अनुसार आगे बढ़कर किसी जरूरतमंद का हाथ थामते हैं, तब सेवा केवल व्यक्तिगत प्रयास नहीं रहती, बल्कि सामाजिक शक्ति बन जाती है।

उन्होंने नगरवासियों से आह्वान करते हुए कहा कि 1 से 9 अक्टूबर तक चलने वाले दान उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें और अपनी सामर्थ्य के अनुरूप योगदान दें।

संवेदनशील समाज का निर्माण सामूहिक जिम्मेदारी: उन्होंने कहा कि भाटापारा को स्वच्छ, विकसित और सुविधायुक्त शहर बनाने के साथ-साथ संवेदनशील एवं सहयोगी समाज का निर्माण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। 'सेवा मेरा योगदान' इसी सामाजिक सोच को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया सभापति मनीष मिश्रा पार्षद नंदू वैष्णव ठाकुरराम साहू संतीश साहू प्रकाश ठाकुर राजेश साहू दशरथ साहू धनेश माधवानी नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं मिशन क्लीन सिटी की महिला बहने मौजूद रही।

क्वार नवरात्रि को लेकर हिरमी अंचल में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



क्वार नवरात्रि पर्व को लेकर हिरमी सहित आसपास के अंचल में तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। माता रानी की स्थापना को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह और भक्ति का माहौल बनने लगा है।

क्षेत्र के विभिन्न देवी मंदिरों एवं पूजा स्थलों में साफ-सफाई, रंग-रोगन तथा आकर्षक सजावट का कार्य कराया जा रहा है। मंदिरों एवं आसपास के परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जा रहा है। श्री बालाजी अखंड नवदुर्गोत्सव समिति हिरमी एवं तकनीशियन कॉलोनी में भी नवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। आयोजन स्थल की साफ-सफाई और सजावट के साथ श्रद्धालुओं के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तकनीशियन कॉलोनी के आयोजक व कार्यकर्ता लक्ष्मण खत्री ने बताया कि क्वार नवरात्रि में माता रानी की विधिवत स्थापना कर नौ दिनों तक पूजा-अर्चना की जाएगी। प्रतिदिन बच्चों एवं महिलाओं द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुति भी दी जाएगी। वहीं श्री बालाजी प्रांगण में माता रानी के नौ स्वरूपों की भव्य झांकी के लिए शिखर पद्धति से पंडाल का निर्माण बाहर से आए कारीगरों द्वारा किया जा रहा है। समिति के कार्यकारिणी सदस्य सतीश जायसवाल ने बताया कि प्रतिदिन संध्या महाआरती के बाद भजन संध्या, जागरण, आर्केस्ट्रा एवं सांस्कृतिक नृत्य सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंडाल के समीप बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले की भी तैयारी की जा रही है। नवरात्रि के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। धार्मिक आयोजनों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों से क्षेत्र में नौ दिनों तक भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहेगा।

महाविद्यालय में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

स्व. दौलत राम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक करने के साथ ही संक्रमण के कारण, बचाव एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल से राजेश देवांगन एवं हरि शंकर वर्मा ने विद्यार्थियों को एचआईवी/एड्स से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों तथा एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी साझा की।

वक्ताओं ने कहा कि एचआईवी/एड्स को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करने के लिए सही जानकारी और जागरूकता जरूरी है। युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वयं जागरूक रहने के साथ परिवार, मित्रों एवं समाज के अन्य लोगों को भी एचआईवी/एड्स से बचाव के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेड रिबन क्लब एवं एनएसएस प्रभारी के.के. बर्मन, प्राध्यापक डॉ. दिनेश कठौतिया, संतोष राय सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में जागरूकता का संदेश पहुंचाने का संकल्प लिया।

पलारी में मां अम्बे रास सुवा एवं गरबा प्रशिक्षण शुरू



पलारी। मां अम्बे रास सुवा एवं गरबा प्रशिक्षण की शुरुआत हो गई है। पारंपरिक लोक संस्कृति और नृत्य कला को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रशिक्षण को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रशिक्षण में रास, सुवा एवं गरबा नृत्य की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। आयोजकों के अनुसार प्रशिक्षण 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। इसके बाद 16 अक्टूबर को सुवा नृत्य तथा 17 अक्टूबर को रास एवं गरबा का भव्य आयोजन दशहरा मैदान पलारी में किया जाएगा।

बच्चों की बैंक अफलातून की 8वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनी



बिलाईगढ़। सुतिउरकुली संकुल के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा में बच्चों की बैंक अफलातून की आठवीं वर्षगांठ बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। इस अनूठे कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षा की देवी मां सरस्वती की पूजा और राष्ट्र गान के सामूहिक गायन से की गई। विद्यालय के 41 बच्चों ने अपनी बचत से 31,700 रुपए से अधिक की राशि जमा की। इस पहल के तहत बच्चों को बचत और वित्तीय जिम्मेदारी का महत्व सिखाया जाता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में आरिचि टण्डन ने लगातार दूसरी बार दस हजार पांच सौ से अधिक राशि जमा कर पहला स्थान प्राप्त किया, अंजली टण्डन द्वितीय और नंदनी महिलांगे तृतीय स्थान पर रहीं। तीनों विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ग्राम पंचायत छुईहा के सरपंच धनीराम बंजारे, विशिष्ट अतिथि राजकुमार जांगड़े, अरुण कुमार टण्डन (प्रधान पाठक), त्रिलोक कुमार हरिप्रिय संकुल केंद्र प्रभारी, राकेश कुमार जाटवर, रामकुमार आदिनकर,शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। "बच्चों की बैंक अफलातून" जैसी पहल ग्रामीण अंचलों में आर्थिक साक्षरता को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित हो रही है।

शिवघाट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ विधि विधान से दी जा रही पितरों को तिलांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



पितृपक्ष में अपने पितरों को मुक्ति प्रदान करने के लिए भटगांव शिवघाट में नगर वासियों द्वारा तिलांजलि दिया जा रहा है जहां पंडित बद्री दुबे द्वारा पूरे विधि विधान से कुल, गोत्र, नाम सहित नगरवासियों को तिलांजलि दिलाया जा रहा है।

हिन्दू पंचांग के अनुसार पितृपक्ष का पावन पर्व आज 26 सितंबर से शुरू हो गया है, जो 10 अक्टूबर तक चलेगा। पितृपक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। इन पंद्रह दिनों में लोग अपने दिवंगत पूर्वजों की स्मृति में श्राद्ध, तर्पण, पिंडदान एवं अन्य धार्मिक कर्मकांड श्रद्धापूर्वक करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृपक्ष अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का विशेष अवसर है।

संस्कारों व परंपराओं से जुड़ रही नई पीढ़ी

मान्यता है कि इस अवधि में विधि-विधान से किए गए श्राद्ध एवं तर्पण से पितरों को शांति प्राप्त होती है और उनका आशीर्वाद परिवार को मिलता है। पितरों की कृपा से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और सकारात्मक वातावरण बना रहता है तथा जीवन की बाधाएं दूर होने की मान्यता है। पितृपक्ष के दौरान लोग अपने कुल, परिवार और पूर्वजों की परंपराओं के अनुसार निर्धारित तिथि पर श्राद्ध कर्म करते हैं। माना जाता है कि पितरों के निमित्त श्रद्धापूर्वक अर्पित किया गया जल, तिल, पिंड एवं भोजन उनके प्रति सम्मान और स्मरण का प्रतीक है। यही कारण है कि भारतीय सनातन परंपरा में पितृपक्ष का विशेष धार्मिक और पारिवारिक महत्व माना गया है। पितृपक्ष की शुरुआत के साथ ही अनेक परिवारों में पूर्वजों के स्मरण, तर्पण और श्राद्ध कर्म का सिलसिला शुरू हो गया है। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं, बल्कि परिवार की नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों, पारिवारिक परंपराओं और संस्कारों से जोड़ने का भी अवसर माना जाता है।



खबर संक्षेप



विद्यार्थियों का सम्मान एवं रसोइया को दी गई विदाई

हथबंद। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला छेरकाडीह में शिक्षिका खेमेश्वरी साहू एवं सहायक शिक्षक द्वारा कक्षा आठवीं एवं कक्षा पांचवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह, शील्ड एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वहीं, आदर्श शासकीय प्राथमिक शाला छेरकाडीह में मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत रसोइया के पद पर कार्यरत परागा यादव की सेवा समाप्ति के पश्चात उन्हें साल, श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार ने उनके द्वारा दी गई सेवाओं की सराहना करते हुए उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय परिवार एवं उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने तथा लंबे समय तक सेवा देने वाले कर्मचारियों के सम्मान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

अवैध शराब का परिवहन दो आरोपी गिरफ्तार

कसडोल। थाना कसडोल पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम गोरधा के बड़े तालाब के पास घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 3,530 रुपए कीमत की 37 पाव देशी एवं अंग्रेजी शराब तथा शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 22 एजी 4637 जब्त की है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में 1 अक्टूबर 2026 को थाना कसडोल की टीम को अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर ग्राम गोरधा तालाब के पास घेराबंदी की गई। इस दौरान शराब बिक्री के लिए ले जा रहे दो आरोपियों को शराब सहित रंगे हाथों पकड़ा गया।

मन को बस में करना वायु को बस में करने के समान दुष्कर : पं. हरगोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नेहरू वार्ड मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में भक्ति की गंगा बह रही है जिसका भगवत प्रेमी जन भरपूर लाभ ले रहे है। व्यास पीठ में कथा वक्ता के रूप में भाटापारा निवासी पंडित हरगोपाल शर्मा द्वारा ओज पूर्ण वाणी से भगवान व उनके भक्तों के दिव्य चरित्र एवं लीला का सरस व सरल भाषा में व्याख्यान किया जा रहा है। भागवत की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि भागवत समस्त वेदों व उपनिषदों का सार है चित्त की शुद्धि व पाप के नाश के लिए भागवत से अधिक कल्याणकारी कोई दूसरा उपाय नहीं है जिसके घर में भागवत के आधे श्लोक या श्लोक के एक पद का पाठ होता है वहां राजसूय व अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है । सुकदेव जी व राजा परीक्षित के जन्म की कथा कलियुग के गुण व दोष के प्रसंग ।व भगवान के विभिन्न अवतारों के साथ ही कपिल नारायण व देवहूति संवाद की कथा को बड़े विस्तार से सुनाया देवहूति ने कपिल भगवान से पूछा कि मेरे जीवन में पूर्णता क्यों नहीं महसूस होती तो कपिल नारायण ने कहा पूर्ण से जुड़ाव होने पर ही पूर्णता महसूस होगी ये मन ही जीवों के बंधन व मोक्ष का कारण है जब मन ईश्वर में लग जाता है तो मुक्ति दाता होता है और जब सांसारिक विषयों में रम जाता है तो बंधन का कारण होता है।

संसार की सारी समस्या व शंका का समाधान भागवत में है

भगवान नाम ही तीनों तापों से मुक्ति का मार्ग

कलिकाल के सारे दोष व तीन प्रकार के तापों को विनष्ट करने का सामर्थ अगर किसी है,तो वो है भगवान का नाम,इसलिए मनुष्य हो हर परिस्थिति में भगवन नाम का आश्रय लेना चाहिए। भगवान को भूल जाना ही विपत्ति है और भगवान की याद बनी रहे यही सबसे बड़ी संपत्ति है। जिसमें भक्ति नहीं उसका जन्म व्यर्थ है।



मन ही बंधन और मोक्ष का कारण

पंडित हरगोपाल शर्मा जी ने कहा जिसने एक बार भी अपने मन को भगवान में लगा दिया उसे स्वप्न में भी यमदूतों के दर्शन नहीं होते । जिस प्रकार अनेक नदियां मदिरा से भरे घड़े को पवित्र नहीं कर सकती उसी प्रकार भगवान से विमुख प्राणी प्रायश्चित से शुद्ध नहीं हो सकता उसकी शुद्धि का एक मात्र उपाय भगवान का नाम एवं कथा है अपने पुत्र नारायण का अंत समय में नाम लेने से अजामिल जैसे पापी का कल्याण हो गया तो श्रद्धावान भक्त का कल्याण तो अवश्यंभावी है। प्रहलाद चरित्र सुनाते हुए कहा देव, वेद, ब्राह्मण, साधु व धर्म से द्वेष करने वाला शीघ्र नष्ट हो जाता है जिसका उदाहरण हिरण्यकश्यपु है प्रहलाद जी अपनी माता के गर्भ में ही नारद जी से भगवान की कथा सुनी उसका प्रभाव यह हुआ दैत्य कुल में जन्म लेने के बाद भी प्रहलाद जी भगवान के अनन्य भक्त हुए। कथा श्रवण करने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

छात्रों ने रंगों और शब्दों से व्यक्त किया विकसित भारत का विजन

रंगोली व भाषण स्पर्धा के विजेताओं को राजस्व मंत्री ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत चित्र सेवा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय चित्रकला, भाषण एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को वर्धमान स्कूल बलौदाबाजार मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।



कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। चित्र सेवा कार्यक्रम अंतर्गत छात्रों ने बहुत सुंदर रंगोली बनाकर विकसित भारत का तस्वीर बनाया है।उन्होंने कहा कि इतिहास बनाने मे कड़ी मेहनत औऱ परिश्रम लगता है। आज मेहनत करेंगे तो कल भविष्य उज्जवल होग़ा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का जीवन एक पाठशाला है जिससे सीख लेकर जीवन मे आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने हर आयु वर्ग के लिये योजना लागू किया है इसी तरह छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व मे प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।



इन्हे मिला पुरस्कार

रंगोली प्रतियोगिता कक्षा पहली से 8 वी में प्रथम निधि यादव, द्वितीय पुष्पाजलि कन्नौजे एवं तृतीय गरिमा सोनकर, कक्षा 9वी से 12 में प्रथम रेखा, द्वितीय दीपाक्षी पटेल एवं तृतीय नंदिनी, भाषण प्रतियोगिता कक्षा पहली से 8 वीं मे प्रथम सौम्या वर्मा द्वितीय देविका वर्मा एवं तृतीया प्रियांशु साहू, कक्षा 9 वीं से 12 वीं मे प्रथम लाभा वर्मा, द्वितीय राठिनी श्रीवास एवं तृतीय गीतिका गोस्वामी, चित्रकला प्रतियोगिता कक्षा पहली से 8वी में प्रथम हिमांशी साहू, द्वितीय कुसुम कोशले एवं तृतीय विद्या साहू, कक्षा 9वी से 12वीं में प्रथम तन्वी मलाकी, द्वितीय सृष्टि सोनी एवं तृतीय साक्षी पूरेना रहे। इस अवसर पर राजयसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर कुलदीप शर्मा, एसपी गौरव राय, पूर्व विधायक डॉ सनम जांगड़े, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, उपाध्यक्ष जिला पंचायत पवन साहू, सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे स्कूली बच्चे उपस्थित थे।

एनसीसी कैडेट्स और इको क्लब ने निकाली स्वच्छता जागरूकता रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायपुर के सहयोग से वसुंधरा ईको क्लब तथा कर्नल पी. अनिल कुमार नायडू, कमान अधिकारी एवं कर्नल लोकेश देवा, प्रशासनिक अधिकारी, 7 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बिलासपुर के आदेशानुसार, संस्था की प्राचार्या डॉ. अर्चना वर्मा एवं वरिष्ठ व्याख्याता प्रेम रतन शर्मा के मार्गदर्शन तथा एनसीसी प्रभारी पोखराज मांझी के नेतृत्व में ट्रूप नं. 308, इतवारी राम यादव शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स एवं वसुंधरा इको क्लब के छात्रों के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रांगण की साफ-सफाई से किया गया। इसके बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा, शहीद कृष्ण गजानन खोण्डे परिसर तथा जय स्तंभ चौक की साफ-सफाई की गई। तत्पश्चात विद्यालय से स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम में वर्तमान एवं भूतपूर्व एनसीसी कैडेट्स एवं इको क्लब के छात्र शामिल रहे। रैली का समापन जय स्तंभ चौक पर हुआ। यहां इको क्लब के उपाध्यक्ष राहुल कुमार साहू ने मिशन लाइफ़ के विभिन्न आयामों से नगरवासियों को अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जनभागीदारी से 'स्वच्छ और सुंदर भाटापारा' बनाने का आह्वान किया, वहीं प्राचार्या डॉ. अर्चना वर्मा ने महात्मा गांधी जी का अनुकरण कर स्वच्छता को दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में इको क्लब के प्रभारी रितेश कुमार चौबे तथा व्याख्याता संजय त्रिवेदी भी उपस्थित रहे।

शराब की अवैध बिक्री करने वाला गिरफ्तार

हथबंद। थाना हथबंद की पुलिस टीम द्वारा 2 अक्टूबर को ग्राम रिंगनी में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से 9330 कीमत मूल्य का 14.940 बल्क लीटर देशी व अंग्रेजी शराब जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना हथबंद में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

ओटेबंद में क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ करहीबाजार

ग्राम पंचायत ओटेबंद के तिरंगा क्रिकेट टीम के तत्वावधान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूर्नामेंट का शुभारंभ उद्घाटन मैच के साथ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि लालपुर जनपद सदस्य एवं सभापति मंजू रेशम यदु जी ने फीता काटकर टूर्नामेंट का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में ओटेबंद सरपंच ललिता राजेश ध्रुव, उपसरपंच ममता संजू सोनवानी सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, ग्रामवासी एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। आयोजन समिति ने सभी टीमों और खिलाड़ियों को अनुशासन एवं खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की।

मित्तल हॉस्पिटल
त्वरित, सरल और कैशलेस सुविधा द्वारा
आयुष्मान योजना के अंतर्गत
नि:शुल्क डायलिसिस
Dr Abhishek Tiwari
DrNB (Nephrology)
पूर्णकालिक सेवा उपलब्ध
अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनें
अनुभवी नेफ्रोलॉजिस्ट द्वारा देखभाल
होली क्रास स्कूल के सामने, अवंति बाई चौक, पंडरी, रायपुर
फोन: 93430 79151, 91313 99570
Deepak Ad./119/1

एजेन्सी देना है
हरिभूमि
समाचार पत्र बलौदाबाजार भाटापारा जिला के अंतर्गत
अमेरा
में संवाददाता नियुक्ति करना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 8370049468
जिला कार्यालय, बलौदाबाजार
अंबेडकर चौक बलौदाबाजार
मो. 9926204007

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, प्रयागपुर, राहतगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
40 सीट शेष
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ,
श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:- 9165 411411

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026
प्रथम उपहार 1 कार
द्वितीय उपहार 3 नग बाईक
तृतीय उपहार 10 नग LED TV
चतुर्थ उपहार 5 नग फ्रीज
पांचवा उपहार 8 नग वाशिंग मशीन
छठवां उपहार 15 नग गैस चूल्हा
सातवां उपहार 25 नग सिलिंग फैन
आठवां उपहार 40 नग ट्राली बैग
नवां उपहार 500 नग हॉट पॉट
दसवां उपहार 600 नग लंच बाक्स
ग्यारहवां उपहार प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार
नियम एवं शर्तें :- यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है। हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन) चिपकाने होंगे। फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे। राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते।
आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें
हरिभूमि कार्यालय : पुजारी पार्क के सामने, पचपेढ़ी नाका रोड, टिकरापारा रायपुर
फोन : 0771-4242238, मो. 8224868411, 8319145740